दिनांक–13.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- मुख्य चुनाव आयुक्त ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता अभियान मे तेजी लाने के दिए निर्देश ।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये पहले दिन 7 उम्मीदवारों ने 8 नामांकन पत्र किये दाखिल ।
- मतदान प्रतिशत बढाने के लिए सभी जिलों में किया जा रहा है विभिन्न गतिविधियों का आयोजन.
- आईपीएल क्रिकेट में आज चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगे।

**चुनाव बैठक**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कल नई दिल्ली से लोकसभा चुनावों के लिये नियुक्त सामान्य, पुलिस एवं व्यय प्रेक्षकों के साथ वीसी के जरिये तैयारियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार एवं डॉ. सुखबीर सिंह संधू भी उपस्थित थे।

बैठक में श्री कुमार ने विभिन्न राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में निर्विघ्न निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिये नियुक्त केन्द्रीय प्रेक्षकों से फीडबैक लिया। श्री कुमार ने प्रेक्षकों से कहा कि वे अपने-अपने संसदीय क्षेत्र से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता अभियान मे तेजी लायें। मुख्य निर्वाचन आयुक्त को जबलपुर संसदीय क्षेत्र में मतदान की तैयारियों की सिलसिलेवार जानकारी दी गयी ।

**नामांकन पत्र -तीसरा चरण**

प्रदेश में, लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये पहले दिन 7 उम्मीदवारों ने 8 नामांकन पत्र दाखिल किये। तीसरे चरण में ग्वालियर, गुना,भोपाल, विदिशा, राजगढ़, मुरैना, सागर और भिण्ड लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे। वहीँ, बैतूल संसदीय सीट पर भी इसी चरण में मतदान होगा. तीसरे चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया कल 12 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल है।
इस दौरान ग्वालियर, 4 गुना और भोपाल में 1-1 उम्मीदवार द्वारा 1-1 नामांकन पत्र, 18 विदिशा में 2 उम्मीदवारों द्वारा 2 नामांकन पत्र और राजगढ़ में 2 उम्मीदवारों द्वारा 3 नामांकन पत्र दाखिल किये गये। मुरैना, सागर और भिण्ड में पहले दिन कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया।

**चुनाव प्रचार**

प्रदेश में चुनाव प्रचार चरम पर है। सभी पार्टियों के नेता अपने उम्मीदवारों के समर्थन में रैलियां,सभाए और रोड शो कर रहे हैं। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास आठवले ने कल भोपाल में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन के पास कोई दूसरा विषय नहीं है, इसलिए वे बोलते हैं कि देश का लोकतंत्र खतरे में है। प्रधानमंत्री मोदी लोकतांत्रिक तरीके से देश को चला रहे हैं और लोकतंत्र नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन खतरे में है।
विदिशा रायसेन संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा ने शुक्रवार को नामांकन जमा किया। इस मौके पर कांग्रेस ने नगर के यशवंत गार्डन में एक आम सभा का आयोजित की। जिसमें मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व सांसद अरुण यादव और राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा शामिल हुए।

**वकील ड्रेस**

प्रदेश की अधीनस्थ अदालतों के वकीलों को गर्मी के दौरान काले कोट से निजात मिल गई है। यह राहत 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक की अवधि के लिए दी गई है। इस दौरान अधिवक्ता सफेद शर्ट, काली-सफेद धारी या ग्रे पेंट और एडवोकेट बैंच पहनकर अदालतों में पैरवी कर सकेंगे। यह जानकारी मप्र स्टेट बार कोंसिल के उपाध्यक्ष ने दी। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय और राज्यों के उच्च न्यायालयों के वकीलों को छोड़कर जिला अदालत सहित अन्य अदालतों के वकीलों को ग्रीष्मकालीन अवधि में काले कोट की अनिवार्यता से छूट रहेगी।

**बच्चा बोरवेल**

रीवा जिले में मनिका गांव में कल एक छह साल का मासूम खेत में खेलते समय बोरवेल के खुले गड्ढे में गिर गया। बच्चा 60 फीट गहराई में फंसा हुआ है। बचाव अभियान जारी है। जेसीबी की मदद से बोरवेल के समानांतर गड्ढा खोदा जा रहा है। कलेक्टर-एसपी समेत आलाधिकारी मौके पर मौजूद हैं। बच्चे के उपचार के लिए मेडिकल टीम भी एंबुलेंस के साथ मौके पर तैनात है।

**जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

आईये अब सुनते हैं उमरिया जिले से भारती राव का संदेश।

**मतदान जागरूकता**

प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। बैतूल संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी 19 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे।

उज्जैन के शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ ग्रहण करवा कर युवा शक्ति व महाविद्यालय परिवार को मतदान के लिए प्रेरित किया।

उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा आज धार जिले के दौरे पर आ रहें हैं। श्री देवड़ा धार जिले की सरदारपुर विधानसभा में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

आगरमालवा जिले के ग्राम खेरिया में कल मतदाता जागरूकता कार्यक्रम मे पोस्टर के द्वारा मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिये जागरूक किया गया।

धार जिले चुनाव ड्यूटीमें लगे अधिकारी/कर्मचारियों का प्रशिक्षण महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 15 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा।

झाबुआ जिले में नेगड़िया ग्राम के मतदान केंद्र 38 और 39 में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाता जागरूकता के लिए चुनावी चौपाल का आयोजन किया गया।

डिंडोरी में जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में PHE विभाग की समीक्षा बैठक ली।उन्होंने मतदान दल के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

ग्वालियर में कृषक मतदाता एवं पहली बार मतदान करने जा रहे नए मतदाताओं की मौजूदगी में घाटीगाँव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

निवाड़ी में जिला पंचायत सीईओ रोहन सक्सेना एवं नोडल अधिकारी द्वारा आज एमसीएमसी कक्ष का निरीक्षण किया गया।

छतरपुर ब्लॉक के ग्राम खौंप में स्कूली बच्चों द्वारा तख्तियों में जागरुकता स्लोगन लिखकर मतदाताओं को वोट डालने का संदेश दिया गया।
बालाघाट में मतदाता जागरूकता के लिए मेगा बाइक रैली निकली गयी. इसमें कलेक्टर और प्रशासन के अन्य अधिकारी शामिल हुए

**मौसम**

प्रदेश में कल भी मौसम का मिजाज बदला रहा। भोपाल, इंदौर, देवास, उज्जैन, रतलाम और गुना में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। कुछ जिलों में ओले भी गिरे। इसके अलावा रायसेन, विदिशा, उमरिया, नर्मदापुरम, हरदा और खरगोन में भी पानी गिरा।

पिछले 5-6 दिन से प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में बारिश-ओले गिरने का दौर जारी है। इससे दिन के साथ ही रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 25 जिलों में अगले 3 दिन तक बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**आईपीएल क्रिकेट**

आईपीएल क्रिकेट में आज चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स आमने-सामने होंगे। वहीँ कल डेल्ही कैपिटल्स ने लखनऊ में खेले गये एक मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया है। एक सौ 68 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए डेल्ही कैपिटल्स ने ग्यारह गेंद शेष रहते लक्ष्य को हासिल कर लिया। कुलदीप यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश यूथ कांग्रेस के नव नियुक्त अध्यक्ष मितेन्द्र दर्शन सिंह यादव ने कल भोपाल पहुंकर पदभार ग्रहण किया।
- खंडवा में कल इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं न्यायपीठ बाल कल्याण समिति में छापा मारकर मनोज दिवाकर और कंप्यूटर ऑपरेटर संजय जगताप को 36 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

- रायसेन नगर में गणगौर पर्व पर माहेश्वरी समाज एवं अग्रवाल समाज की महिलाओं ने धूमधाम के साथ निकाल गणगौर पर जुलूस स्थानीय मिश्र तालाब पर गणगौर का विसर्जन किया।
- झाबुआ में कल एक व्यक्ति को 79 हजार से अधिक की अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।
- खंडवा जिले में कपास उत्पादन में वृद्धि हेतु उच्च घनत्व पौधरोपण तकनीक एवं विपणन पर कार्यशाला का आयोजन कल कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया।
- शिवपुरी जिले में जिला प्रशासन द्वारा 8 आदतन अपराधियों को जिला बदर घोषित किया गया है।
- उज्जैन में देर शाम बारिश का दौर शुरू हुआ। बारिश और आंधी से कई जगह पेड़ गिर गए और बिजली भी चली गई।